बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

पत्रांक :- BSDM/KYP-208/2022 -1630

दिनांक 05/09/2023

प्रेषक,

मिशन प्रबंधक (परियोजना),
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग,
बिहार, पटना

सेवा में,

सभी कुशल युवा प्रोग्राम केंद्र,
बिहार कौशल विकास मिशन

विषय :- KYP पाठ्यक्रम संशोधन के कार्यान्वयन हेतु माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 2019/365 के क्रय के सम्बन्ध में ।

महाशय,

30 सितंबर, 2022 को सभी KYP केन्द्र को जारी किए गए पत्र जिसमें माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 2019/365 सॉफ्टवेयर पर आधारित केवाईपी के पुराने हो चुके अध्याय के स्थान पर नये अध्याय के जोड़े जाने से सम्बंधित पाठ्यक्रम में संशोधन के कार्यान्वयन के बारे में बताया गया था, जो एमएस-ऑफिस 2019/365 लाइसेंस की उपलब्धता पर आधारित है। संसोधित KYP पाठ्यक्रम अक्टूबर 2023 के बैच से प्रारंभ होना है । इस हेतु एमएस-ऑफिस 2019/365 लाइसेंस की आश्यकता है । KYP केंद्र एमएस-ऑफिस 2019/365 लाइसेंस का क्रय खुले बाज़ार से अथवा MKCL से कर सकता है । MKCL का 40 users का दर रु० 3398 +GST = रु० 4009.64 एक वर्ष यानि अक्टूबर 2023 से सितम्बर 2024 तक के लिए है । इस हेतु केंद्र को खुले बाज़ार से अथवा MKCL से एमएस-ऑफिस 2019/365 लाइसेंस का क्रय निश्चित रूप से 25 सितम्बर 2023 तक कर सभी Systems पर इनस्टॉल कर लेना सुनिश्चित किया जाना है । इंस्टालेशन उपरांत ही अक्टूबर 2023 बैच में नामांकन की अनुमति BSDM द्वारा प्रदान की जाएगी । एमकेसीएल के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त करने में रुचि रखने वाले और उपर्युक्त दर

पर खरीद के लिए सहमत KYP केन्द्र 09 सितंबर, 2023 तक सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। सहमति हेतु SOLAR पर एक लिंक दिया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में KYP केंद्र एमएस-ऑफिस 2019/365 लाइसेंस का क्रय खुले बाज़ार से अथवा MKCL से कर दिनांक 25 सितम्बर 2023 तक कर सभी Systems पर इनस्टॉल कर लेना सुनिश्चित करें ।

विश्वासभाजन

05/09/2023

(संजीव रंजन नीलमणि)
मिशन प्रबंधक (परियोजना)
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना